अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2015
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** पौधों में उत्तेजनशीलता का प्रदर्शन स्पष्ट दिखाई देता है— **(1)**

(A) आम में (B) छुईमुई में

(C) नीम में (D) अदरक में

**2.** भोजन में संचय के लिए अपस्थानिक जड़ का रूपान्तरण है— **(1)**

(A) तर्कुरूप (B) पर्णाभस्तम्भ

(C) कन्दगुच्छ (D) कुम्भीरूप

**3.** पत्तियों द्वारा कायिक प्रवर्धन होता है— **(1)**

(A) ब्रायोफिलम में (B) वैलिसनेरिया में

(C) अदरक में (D) सैजिटेरिया में

**4.** कोण का मात्रक होता है— **(1)**

(A) मोल (B) स्टेरेडियन

(C) ऐम्पियर (D) रेडियन

**5.** कौन-सी घटना गुरुत्व का उदाहरण नहीं है— **(1)**

(A) पेड़ से पत्तों का गिरना (B) उछाले गए बॉल का धरती पर गिरना

(C) समतल पर गाड़ी का धकेलना (D) पहाड़ी से पत्थर का टूटकर नीचे की ओर लुढ़कना

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** ठोस पदार्थों की आकृति एवं आयतन कैसे होते हैं? **(1)**

**7.** दूध किस प्रकार का मिश्रण होता है? **(1)**

**8.** उपापचय क्रिया कितने प्रकार की होती है? **(1)**

**9.** भूमिगत तने के रूपान्तरण में अदरक के रूपान्तरण का नाम लिखिए। **(1)**

**10.** परागकण में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होती है? **(1)**

**11.** जब कोई वस्तु अपनी माध्य स्थिति के दोनों ओर गति करती है तो इस प्रकार की गति को क्या कहते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** मूल मात्रक किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण भी दीजिए। **(2)**

**13.** वर्नियर कैलिपर्स में शून्यांक त्रुटि को परिभाषित कीजिए। **(2)**

**14.** घूर्णन गति किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**15.** भंगुर तथा अभंगुर पदार्थ किसे कहते हैं? प्रत्येक का एक-एक उदाहरण लिखिए। **(2)**

**16.** तलछटीकरण प्रक्रिया को समझाइए। **(2)**

**17.** जल द्वारा बीजों का प्रकीर्णन पर एक लघु टिप्पणी लिखिए। **(2)**

**18.** मूसला जड़ तथा अपस्थानिक जड़ों को केवल चित्रों की सहायता से प्रदर्शित कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/vigyan/2015

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN